**Bhavan's Tripura Vidyamandir**
**2nd Periodic Assessment: (2025-2026)**

**Class:- 9** | **Subject:- Hindi**
Time:- 2 Hours | Total :- 50 Marks
Roll: | Sec:
Name of the student:

---

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

**1. अपठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए :--** **7**

सामान्यतः ऐसा माना जाता है कि परंपरा अब तक के सभी विचारों का जमाव है। सभी पुरानी बातें परंपरा कह दी जाती हैं। जबकि सत्य यह है कि परंपरा भी एक गतिशील प्रक्रिया की देन है। परंपरा का शब्दार्थ है – एक से दूसरे को, दूसरे से तीसरे को दिया जाने वाला क्रम, पर परंपरा से हमें समूचा अतीत प्राप्त नहीं होता। उसका निरंतर निखरता, छँटता, बदलता रूप प्राप्त होता है। उसके आधार पर हम आगे की जीवन-पद्धति को रूप देते हैं। वह एक जीवंत प्रक्रिया है। खड़ा पैर परंपरा है और चलता पैर आधुनिकता। इसी के समानांतर आधुनिकता का अर्थ क्या केवल समय सापेक्ष है ?

इस समय जो कुछ है, क्या वही आधुनिक है ? ऐसा नहीं है। हम बराबर देखते हैं कि कुछ बातें इस समय ऐसी हैं जो आधुनिक नहीं हैं, बल्कि मध्यकालीन हैं। वस्तुत: मनुष्य ने अपने अनुभवों द्वारा सराहनीय मूल्यों को उपलब्ध किया है। उन्हें नए संदर्भ में देखने की दृष्टि आधुनिकता है। यह एक गतिशील प्रक्रिया है। संदर्भ बदल रहे हैं, क्योंकि नई जानकारियों से नए साधन नए उत्पादन सुलभ होते जा रहे हैं। नई सामग्रियाँ और नए कौशल नवीन संदर्भों की रचना कर रहे हैं। आधुनिकता ज्ञान की अत्याधुनिक उपलब्धियों के आलोक में रूप ग्रहण करने का प्रयास करती है, इसलिए बौद्धिक है। कोई भी आधुनिक विचार आसमान में पैदा नहीं होता है। सबकी जड़ परंपरा में गहराई तक गई हुई है। सुंदर-से-सुंदर फूल यह दावा नहीं कर सकता कि वह पेड़ से भिन्न होने के कारण उससे एकदम अलग है।

कोई भी पेड़ यह दावा नहीं कर सकता है कि वह मिट्टी से भिन्न होने के कारण उससे एकदम अलग है। इसी प्रकार कोई भी आधुनिक विचार यह दावा नहीं कर सकता है कि वह परंपरा से कटा हुआ है। कार्य-कारण के रूप में, आधार-आधेय के रूप में, परंपरा की एक श्रृंखला अतीत में गहराई तक, बहुत गहराई तक गई है।

क) आधुनिकता का क्या आशय है ? **1**

i) वर्तमान समय से जुड़ा होना
ii) परंपरा का पूर्ण तिरस्कार
iii) नए संदर्भ में परंपरा से अर्जित मूल्यों की परख
iv) नए मूल्यों की खोज

ख) आधुनिकता और परंपरा में परस्पर कैसा संबंध है ? **1**

i) विशिष्ट संबंध है
ii) अजर-अमर संबंध है
iii) आकांक्षी संबंध है
iv) अविच्छिन्न संबंध है

ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए :-- **1**

कथन (A) : कोई भी आधुनिक विचार यह दावा नहीं कर सकता कि वह परंपरा से कटा हुआ है।
कारण (R) : परंपरा की एक श्रृंखला अतीत में गहराई तक, बहुत गहराई तक गई है।

i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii) कथन (A) गलत हैं, लेकिन कारण (R) सही है.
iii) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
iv) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

घ) परंपरा का महत्व अक्षुण्ण क्यों है ? **2**

ङ) आधुनिकता एक गतिशील प्रक्रिया क्यों है ?

**2. <u>रेखांकित पद का नाम लिखिए</u> :-** **3X1= 3**

क) जगमोहन <u>इधर-उधर</u> घूमता रहता है।

ख) वह <u>गरीबी</u> में जीता है।

ग) पद रूप में लिखिए :- प्राकृतिक

**3. क) सही जगहों पर अनुस्वार लगाइए :-** **1**

तिरगा , पाखड

**ख) सही जगहों पर अनुनासिक लगाइए :-** **1**

कुआ , वहा

**4. उपसर्ग और मूलशब्द छाँटिए :-** **2X1=2**

प्रत्येक, अभीष्ट

**5. मूलशब्द और प्रत्यय छाँटिए :** **2X1=2**

क्षेत्रीय, भलाई

**6. क) संधि कीजिए :--** **2X1=2**

एक + एक, सदा + एव

**ख) संधि-विच्छेद कीजिए :--** **2X1=2**

इत्यादि, गायक

7. 'परीक्षा की तैयारी' के बारे में लगभग 100 शब्दों में एक संवाद लिखिए। **5**

8. अपने छोटे भाई को 'अनुशासन का महत्व' बताते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। **5**

**9. <u>किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें</u> :-** **3X2=6**

क) रैदास ने दूसरे पद में 'गरीब निवाजु' किसे कहा है ? स्पष्ट कीजिए।

ख) अवध नरेश को चित्रकूट क्यों जाना पड़ा ?

ग) रहीम ने सुई और तलवार का उदाहरण देकर क्या समझाना चाहता है ?

घ) 'गीत-अगीत' कविता के प्रथम छंद में वर्णित प्रकृति-चित्रण को लिखिए।

**10. <u>किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें</u> :-** **3X2=6**

1) हमारे लिए पोशाक बंधन और अड़चन कब बन जाती है ?

2) उपनेता प्रेमचंद ने किन स्थितियों से अवगत कराया ?

3) अंगदोरजी के साथ यात्रा करने के लिए लेखिका को क्या शर्त माननी पड़ी ?

4) कौन-सा आघात अप्रत्याशित था और उसका लेखक पर क्या प्रभाव पड़ा ?

**11. <u>किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दें</u> :-** **2X4=8**

1) लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था ?

2) साँप का ध्यान बँटाने के लिए लेखक ने क्या-क्या उक्तियाँ अपनाई ?

3) भाई के बुलाने पर लौटते समय लेखक के मन में किस बात का डर था ?